उ.प्र. कोआपरेटिव बैंक लि.
(उ0प्र0 सरकार अंशधारी शिड्यूल्ड बैंक)
मुख्यालय, 2–महात्मा गांधी मार्ग, लखनऊ

International Year of Cooperatives
Cooperatives Build a Better World

पीबीएक्स 0522–4151200
फैक्स 0522–2629284
ई.मेल upcb.bkg@upscb.com

पत्राँक : बैंकिंग / 2025–26 / एफ–309 / 213
दिनाँक : 19 नवम्बर, 2025

शाखा प्रबन्धक / मुख्य प्रबन्धक,
उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0,
समस्त शाखायें, उ0प्र0।

विषयः **फाउण्डेशन डे–ड्राईव (दिनांक–20.11.2025 से 30.11.2025 तक) शाखाओं के स्तर पर आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।**

आप अवगत है कि 20.नवम्बर. 1944 को उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक की स्थापना की गयी थी, तत्पश्चात् प्रत्येक वर्ष माह नवम्बर की 20 तारीख को बैंक का स्थापना दिवस मनाया जाता है। दिनांक– 20 नवम्बर, 2025 को बैंक अपने 81 वर्षों की यात्रा पूर्ण कर रहा है, उक्त अवसर पर बैंक की समस्त शाखाओं द्वारा छोटी गोष्ठी का आयोजन कर बैंक की विभिन्न योजनाओं के प्रचार--प्रसार हेतु शाखा स्तर पर फाउंडेशन डे ड्राइव के आयोजन हेतु निम्नवत् निर्देशित किया जाता हैः–

1. शाखाओं के स्तर पर– अपने क्षेत्र में स्थित दो पहिया वाहन और कार शोरूम के आगे बाइक एवं कार लोन का आकर्षक बैनर के माध्यम से बैंक के प्रभावी ब्याज दरों का प्रचार प्रसार किया जाय।
2. पम्पलेट के माध्यम से शाखा क्षेत्र में बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं में से, जिस ऋण योजना में अधिक ऋण वितरण की सम्भवना है, का प्रचार–प्रसार कर अधिकाधिक ऋण वितरण करना सुनिश्चित करें।
3. जिन शाखाओं से मोबाईल ए0टी0एम0 वैन सम्बद्ध है, उन शाखाओं द्वारा वित्तीय समावेशन के साथ–साथ ऋण योजनाओं का अधिक प्रचार–प्रसार किया जाय।
4. शाखा के कार्मिकों द्वारा बैंक फाउंडेशन डे का पोस्टर अपने–अपने सोशल मिडिया हैण्डल जैसेः–फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्वीटर एवं व्हाट्सअप पर स्टेटस और पोस्ट किया जाय।
5. समस्त शाखाओं को दिनांक 20 नवम्बर, 2025 को शाखा में एक छोटी गोष्ठी का आयोजन बैंक क स्थापना दिवस के रूप में करना है, जिसमें बैंक के सम्मानित ग्राहक, संभावित ग्राहक, सहकारिता विभाग के जनपदीय अधिकारी, बैंक के नोडल अधिकारी एवं अन्य आवश्यक व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाय।
6. शाखा क्षेत्र में जहां भी बड़े व्यापारी, बिल्डर, सी0ए0, स्कूल, कॉलेज एवं अन्य कोई भी बड़ी संस्था हो वहां पर बैंक के प्रचार–प्रसार की दृष्टि से संवाद स्थापित किया जाय।
7. जिन शाखाओं में किसी भी स्कूल एवं कॉलेज के कर्मियों के खातें हों, वहां के सक्षम अधिकारी से वार्ता कर अन्य नये खाते खोलने हेतु उनके व्यवसायिक स्थल पर कैम्प का आयोजन किया जाय।

समस्त शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक–20.11.2025 से 30.11. 2025 तक शाखाओं स्तर पर फाउंडेशन डे–ड्राईव का आयोजन करते हुए अधिक से अधिक

ग्राहकों को बैंक की योजनाओं से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक ऋण वितरण तथा नये ग्राहकों को आकर्षित करते हुए निक्षेप खाते खोलना सुनिश्चित करें।

19.XI.25

(आर0के0 कुलश्रेष्ठ)
प्रबन्ध निदेशक

<u>प्रतिलिपि</u> : <u>निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित</u> :–

1. समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, उ0प्र0।
2. समस्त उप महाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, मुख्यालय, लखनऊ।
3. श्री राहुल श्रीवास्तव, प्रबन्धक, आईटी सेल, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, मुख्यालय लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि बैंक के वेबसाईट पर फाउण्डेश्न डे ड्राईव का मैसेज प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
4. महाप्रबन्धक (विकास), उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि फाउण्डेशन डे ड्राईव हेतु शाखाओं से समन्वय स्थापित करते हुए पम्पलेट/बैनर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
5. निदेशक, कृषि सहकारी स्टाफ प्रशिक्षण संस्थान, इन्दिरानगर, लखनऊ।
6. मुख्य महाप्रबन्धक, नाबार्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, गोमती नगर, लख्नऊ
7. स्टाफ आफिसर–अध्यक्ष, उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।

19.XI.25

प्रबन्ध निदेशक